वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः– 628 /गोफ /प्रायो०/24

दिनांकः 23.07.024

सेवा में,

प्राचार्य,
सम्बद्ध महाविद्यालय, जनपद– जौनपुर, गाजीपुर एवं
हंडिया पी०जी० कालेज, हंडिया, प्रयागराज
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर
उत्तर प्रदेश।

विषय :– स्नातक स्तर पर कला/विज्ञान के छठे सेमेस्टर में छात्र छात्राओ द्वारा अपने मुख्य विषय मे से किसी एक में प्रोजेक्ट से सम्बन्धित आवेदन फार्म भरने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्तविषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि स्नातक स्तर पर कला/विज्ञान के छठे सेमेस्टर का परीक्षाफल दिनांक 13.07.2024 का घोषित हो चुका है। स्नातक स्तर पर कला/विज्ञान के छठे सेमेस्टर मे छात्र छात्राओ को अपने दोनो मुख्य विषय मे से किसी एक मेंप्रोजेक्ट लेना अनिवार्य है और वह क्वालीफाइंग नेचर का भी है, परन्तु कुछ छात्रो ने परीक्षा फार्म भरते समय दोनो मुख्य विषय मे से किसी भी विषय मेंप्रोजेक्ट / लघुशोध का चयन नहीं किया है जिसके कारण उनका परीक्षाफल फेल/अपूर्ण दिख रहा है।

अतः छात्रहित मे उक्त छात्रो को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 23.07.2024 से दिनांक 31.07.2024 तक पोर्टल पुनः खोला जा रहा है। सभी प्राचार्यगण से अनुरोध है कि अपने से सम्बन्धित छात्रों को आवेदन फार्म के दोनो मुख्य विषय मे से किसी एक विषय में प्रोजेक्ट / लघुशोध अंकित करते हुए उसका प्राप्तांक आनलाईन सब्मिट कराना सुनिश्चित करें जिससे उनका परीक्षाफल पूर्ण कराया जा सके।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 समस्त सम्पादक दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
3 प्रभारी, एम०आई०एस०प्रकोष्ठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक